जयदीप गोविन्द, भा०प्र०से०
महासचिव
Jaideep Govind, IAS
Secretary General

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
मानव अधिकार भवन, सी-ब्लॉक,
जीपीओ कम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110 023 भारत
NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION
Manav Adhikar Bhawan, C-Block
GPO Complex, INA, New Delhi-110 023 India

24 JUN 2019
कुलपति का कार्यालय
विश्वभारती
VISVA-BHARATI
No. 1/1393 Date 24.06.19

मिसिल सं०-ई/11011/2/2019/आभाए

दिनांक : 18.06.2019

प्रिय प्रो. चक्रवर्ती,

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एक सांविधिक निकाय है जिसकी स्थापना मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत 12 अक्टूबर, 1993 को की गई, जो अपने स्थापना काल से ही देश में मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि हिन्दी संघ की राजभाषा है और यह देश के काफी बड़े भू-भाग में बोली और समझी जाती है अतः आयोग ने यह अनुभव किया कि मानव अधिकार जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर हिन्दी में एक उच्चस्तरीय वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाए। इस आवश्यकता को महसूस करते हुए, जनमानस में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोग द्वारा वर्ष 2004 से हिन्दी में एक उच्चस्तरीय हिन्दी पत्रिका, "मानव अधिकार : नई दिशाएँ" का प्रकाशन किया जा रहा है, जो मानव अधिकारों से संबंधित सम-सामयिक विषयों पर सूचना, ज्ञान एवं अनुभव साझा करने का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है।

अब तक इसके 15 अंक प्रकाशित किए जा चुके हैं तथा इस वर्ष 16वां अंक प्रकाशित किया जाना है जिसके लिए **"हाशिए का समाज और मानव अधिकार"** विषय निर्धारित किया गया है। इस निमित्त मानवीय संवेदनाओं के प्रति रुचि रखने वाले बुद्धिजीवियों, लेखकों तथा अकादमिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों से निर्धारित विषय के विभिन्न आयामों पर आलेख, कहानियां एवं कविताएं आमंत्रित की जाती हैं।

आलेख **लगभग 3000 शब्दों** का होना चाहिए। आयोग द्वारा स्वीकृत आलेख, कहानी एवं कविता के लिए मानदेय के रूप में **क्रमशः ₹10,000/-, ₹5,000/- तथा ₹1,000/-** दिए जाने का प्रावधान है। सभी रचनाएं केवल **कृति देव 010 फांट (Kruti Dev 010 Font)** में ही स्वीकार्य होंगी जो आयोग के *सहायक निदेशक, डॉ. एस. के. शुक्ल* को ई-मेल **(adol.nhrc@nic.in)** पर द्वारा अथवा सी.डी. में भेजी जा सकती हैं। रचनाएं प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2019** निर्धारित की गई है।

आपसे विशेष अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान से जुड़े हुए सभी विभागों को इस संबंध में सूचित करवाने की व्यवस्था करें ताकि आयोग की इस पत्रिका में प्रकाशन हेतु और अधिक सारगर्भित, महत्त्वपूर्ण एवं शोधपरक सामग्री प्राप्त हो सके।

आशा है राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में हमें आपका सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

सादर,

आपका

(जयदीप गोविन्द)

Prof. Bidyut Chakrabarty
Vice Chancellor
VISVA-BHARATI
PO : Santiniketan,
West Bengal, India 731235

Forwarded to Principal Hindi Bhavana, Hindi Officer, Hindi Cell. 25.06.2019.

JR (Admin) As directed you are requested kindly to do the needful. 24/6/19